




... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, शुक्रवार, 20 फरवरी-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष-43 ● अंक 153 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया










# रुपया फिर औंधे मुंह

## कच्चे तेल और भू-राजनीतिक दबाव का असर



● 27 पैसे टूटकर 90.95 प्रति डॉलर के ऐतिहासिक निचले स्तर पर आया

**नई दिल्ली।** भारतीय मुद्रा बाजार में शुक्रवार को भारी गिरावट दर्ज की गई। शुरुआती कारोबार के दौरान रुपया 27 पैसे टूटकर 90.95 प्रति डॉलर के ऐतिहासिक निचले स्तर पर आ गया। अमेरिकी डॉलर की मजबूती, वैश्विक भू-राजनीतिक अस्थिरता और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने भारतीय रुपये पर चौतरफा दबाव बनाया है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि घरेलू शेयरों में बिकवाली की होड़ ने भारतीय मुद्रा पर और दबाव बनाया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 90.94 प्रति डॉलर पर खुला। फिर शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.95 पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से 27 पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.68 पर बंद हुआ था। छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती के अवसर पर बृहस्पतिवार को मुद्रा बाजार बंद रहे। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.04 प्रतिशत की बढ़त के साथ 97.89 पर रहा। घरेलू शेयर बाजारों में सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 150.35 अंक टूटकर 82,347.79 अंक पर जबकि निफ्टी 35.15 अंक फिसलकर 25,419.20 अंक पर पहुंच गया। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 0.14 प्रतिशत की बढ़त के साथ 71.77 डॉलर प्रति बैरल रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) बृहस्पतिवार को बिकवाल रहे थे और उन्होंने 880.49 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

## एआई समिट के दौरान युवा कांग्रेस ने शर्ट उतार कर किया उग्र प्रदर्शन



● नारेबाजी कर रहे कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर शिखर सम्मलेन के आयोजन से दूर किया गया

**नई दिल्ली।** एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आज उग्र प्रदर्शन किया। दिल्ली पुलिस ने कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ नारेबाजी करने वाले कार्यकर्ताओं को प्रदर्शन के दौरान अपनी शर्ट उतारे भी देखा गया। भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते को लेकर उग्र विरोध कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को भारत मंडपम के अलग-अलग पवेलियन में जाकर प्रदर्शन करते देखा गया। मौके पर मुस्तैद दिल्ली पुलिस के जवानों ने प्रदर्शन और नारेबाजी कर रहे कार्यकर्ताओं को एहतियातन हिरासत में लेकर शिखर सम्मलेन के आयोजन से दूर किया। वहीं, सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में भारतीय युवा कांग्रेस ने लिखा- जब विदेश नीति में झुकाव, कॉरपोरेट दबाव और चुप्पी हावी होष्ठ तो साफ है, पीएम मोदी कॉम्प्रोमाइज्ड हैं!! इसी सच्चाई को बेनकाब करने भारतीय युवा कांग्रेस के जाबांज कार्यकर्ता एआई समिट पहुंचे और 'कॉम्प्रोमाइज्ड पीएम' के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया! देश की अस्मिता से कोई समझौता नहीं!

## पहली बार राजस्थान से NSUI चीफ नियुक्त



**जयपुर।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की राजस्थान इकाई के इतिहास में एक और पन्ना जुड़ गया है। पार्टी की छात्र इकाई नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया यानी NSUI का अध्यक्ष पहली बार राजस्थान से होगा। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एनएसयूआई की राजस्थान इकाई के मुखिया विनोद जाखड़ को राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया है. इस आशय की जानकारी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने दी। विनोद जाखड़ छात्र राजनीति से निकलकर आए नेता हैं। उन्होंने अपना पहला चुनाव राजस्थान कॉलेज से लड़ा और जीत हासिल की। इसके बाद उन्होंने राजस्थान विश्वविद्यालय छात्रसंघ अध्यक्ष का चुनाव निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में लड़ा और उसमें भी विजय पाई।

## जंग की आहट! ट्रंप ने ईरान को दिया 10 दिन का अल्टीमेटम



**नई दिल्ली।** अमेरिका और ईरान के बीच तनाव अपने उच्चतम स्तर पर पहुँच गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तेहरान को स्पष्ट चेतावनी देते हुए 10 से 15 दिन की समय सीमा दी है। ट्रंप ने कहा है कि या तो ईरान परमाणु समझौते पर सहमत हो जाए, वरना उसके लिए स्थिति 'बेहद दुर्भाग्यपूर्ण' होने वाली है। मिडिल ईस्ट में दो एयरक्राफ्ट कैरियर सहित US की भारी मिलिट्री तैयारी के बीच ट्रंप ने कहा, 'या तो हम डील कर लेंगे या यह उनके लिए दुर्भाग्यपूर्ण होगा। 10-15 दिन का समय काफी होगा।' UK ने भी आने वाले संघर्ष में एक और परत जोड़ दी, जब उसने ईरान पर संभावित हमलों के लिए ब्रिटिश एयरबेस का इस्तेमाल करने के लिए यूनाइटेड स्टेट्स के अनुरोध को मना कर दिया, यह एक ऐसा कदम है जो चागोस आइलैंड्स को मॉरिशस को ट्रांसफर करने के प्रस्ताव पर तनाव बढ़ा सकता है।इस बीच, ईरान ने गुरुवार को रूस के साथ सालाना मिलिट्री एक्सरसाइज की है, जिसमें वॉशिंगटन और तेहरान दोनों ने संकेत दिया है कि अगर तेहरान के न्यूक्लियर प्रोग्राम पर बातचीत फेल हो जाती है तो वे युद्ध के लिए तैयार हैं।

## 3 साल की मासूम से दरिंदगी के बाद हत्या



**गुरुग्राम।** साइबर सिटी में तीन साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। सेक्टर-37 इंडस्ट्रियल एरिया के पास खाली प्लॉट में बच्ची का शव गड्ढे से बरामद हुआ। पुलिस ने 24 वर्षीय आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित और बच्ची का परिवार दोनों एक ही इमारत में रहते हैं। लड़की के माता-पिता ने बीती रात करीब साढ़े 12 बजे गुमशुदगी दर्ज कराई थी। सुबह उसका शव मिला। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपित की पहचान हुई। पूछताछ में उसने वारदात कबूल कर ली।

## नीट छात्रा के घर की बढ़ायी गयी सुरक्षा, लगाए गए सीसीटीवी कैमरे

**पटना।** पटना की नीट छात्रा मौत मामले में लगातार मिल रही धमकियों के बाद प्रशासन ने पीड़ित परिवार की सुरक्षा और कड़ी कर दी है। परिवार के घर के अंदर और बाहर चार सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जबकि पहले से तैनात सुरक्षा बल के अलावा अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की भी ड्यूटी लगाई गई है। प्रशासन का कहना है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखने के लिए निगरानी व्यवस्था मजबूत की गई है। जानकारी के मुताबिक, घटना के बाद परिवार को घर की किचन खिड़की से लगातार धमकी भरे पर्चे मिल रहे थे. पहली पर्ची 14 फरवरी को और दूसरी 16 फरवरी को खिड़की से फेंकी गई थी. दोनों पर्चियां पुलिस को सौंप दी गईं, जिसके बाद सुरक्षा व्यवस्था और सख्त कर दी गई। 6 फरवरी से घर के बाहर लगातार ड्यूटी लगाई जा रही है।

# मैं बेगुनाह हूं, साजिशन फंसाया गया

● अमित शाह पर टिप्पणी के मामले में बयान दर्ज कराकर लौटे राहुल, अब 9 मार्च को अगली सुनवाई



**सुल्तानपुर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को सुल्तानपुर में एमपी-एमएलए कोर्ट में अपना बयान दर्ज कराया। उन्होंने अपने ऊपर लगे आरोपों को निराधार बताते हुए खुद को बेगुनाह बताया। कोर्ट ने मामले में सफाई साक्ष्य पेश करने के लिए अगली तारीख 9 मार्च निर्धारित की है। करीब आधे घंटे तक कोर्ट कक्ष का दरवाजा बंद करके मानहानि मामले में धारा 313 के तहत बयान दर्ज करने की प्रक्रिया चली। इस दौरान अदालत परिसर में समर्थकों की भारी भीड़ जुटी रही। कोर्ट कक्ष से लेकर बाहर तक कड़ी सुरक्षा व्यवस्था लागू रही। भीड़ को नियंत्रित करने में सुरक्षाकर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त सतर्कता बरती गई। अब मामले की अगली सुनवाई 9 मार्च को होगी। जब बचाव पक्ष की ओर से सफाई साक्ष्य प्रस्तुत किए जाएंगे।

# कुलदीप सेंगर के भाई को जेल जाना होगा

## अदालत ने रद्द की जमानत याचिका

● उन्नाव रेप पीड़िता के पिता की हिरासत में मौत के केस में हाईकोर्ट का फैसला




**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने उन्नाव रेप पीड़िता के पिता की हिरासत में मौत मामले में दोषी जयदीप सिंह सेंगर को राहत देने से साफ इनकार कर दिया है. कोर्ट ने जयदीप की चिकित्सा आधार पर अंतरिम जमानत बढ़ाने की याचिका को खारिज करते हुए उसे सरेंडर करने का आदेश दिया है. दिल्ली हाई कोर्ट ने सख्त निर्देश देते हुए जयदीप सेंगर को कल तक जेल में आत्मसमर्पण करने को कहा है। जयदीप सिंह सेंगर, पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर का भाई है और इस चर्चित मामले में सजा काट रहा है। जयदीप सेंगर ने अदालत में याचिका दायर कर अंतरिम जमानत बढ़ाने की मांग की थी। याचिका में जयदीप ने दावा किया है कि वह मुंह के 'एडवांस्ड स्टेज कैंसर' से पीड़ित है। याचिका में कहा गया है कि कैंसर के दोबारा उभरने के लक्षण दिख रहे हैं, जिसके लिए उसे तत्काल चिकित्सा उपचार की आवश्यकता है। हालांकि हाई कोर्ट ने अभी तत्काल राहत नहीं दी है, लेकिन चिकित्सा आधार पर दी गई मुख्य अंतरिम जमानत याचिका पर 24 फरवरी को दोबारा सुनवाई करने का निर्णय लिया है। तब तक के लिए जयदीप को वापस जेल जाना होगा।

## भदोही में बारिश 10 जिलों में अलर्ट

**भदोही।** यूपी में फिर से मौसम बिगड़ रहा है। भदोही में सुबह के समय करीब 15 मिनट तक बारिश हुई। आगरा, मथुरा, लखनऊ और प्रयागराज समेत 10 शहरों में बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग का कहना है कि पूर्वांचल के कई जिलों में बादल छाए रहेंगे। इस दौरान 20 से 30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। अगले 4 दिनों तक मौसम साफ रहेगा। गुरुवार की बात करें तो बांदा सबसे गर्म रहा। यहां पारा 31.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। 30.4 डिग्री के साथ प्रयागराज दूसरे नंबर पर रहा। जबकि कानपुर में सीजन की सबसे गर्म रात रही। यहां 55 साल का रिकार्ड टूट गया। न्यूनतम पारा 16.6°C दर्ज किया गया।




जनमुख City लाइव हिन्दी दैनिक

● तापमान अधिकतम : 26.6°C
● तापमान न्यूनतम : 10.5°C
● सूर्योदय : 06.10
● सूर्यास्त : 05.14

वाराणसी, 20 फरवरी, शुक्रवार, 2026 (3)






बरेका में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे व उत्तर रेलवे की टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते खेल संघ अध्यक्ष व अन्य। छाया : जनमुख

# गौरा के गौने के लिए सजने लगी पालकी

## 24 फरवरी से चार दिवसीय लोकाचार शुरू, 27 को रंगभरी एकादशी

● हल्दी की रस्म और गौनहारिनों के पारंपरिक गीतों से जीवंत होगा अनुष्ठान

● विश्वनाथ मंदिर से चल प्रतिमाओं की निकलेगी पालकी यात्रा





**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** 27 फरवरी को जब माता गौरा का गौना होगा, तब काशी की गलियों में आस्था का ज्वार उमड़ेगा। शताब्दियों से चली आ रही यह परंपरा एक बार फिर यह सिद्ध करेगी कि काशी केवल एक शहर नहीं, बल्कि जीवंत संस्कृति और सनातन श्रद्धा का स्पंदन है। माता गौरा के गौने को लेकर टेढ़ीनीम स्थित महंत आवास 'गौरा-सदनिका' में तैयारियां जोरों पर हैं। शताब्दियों पुरानी पालकी और रजत शिवाला की साफ-सफाई व मरम्मत का कार्य शुरू हो चुका है। रंगभरी एकादशी पर काशी विश्वनाथ मंदिर से बाबा विश्वनाथ, माता पार्वती और प्रथमेश की चल प्रतिमाओं की पालकी यात्रा निकलेगी। इस प्रतीकात्मक गौने के साथ काशी की लोकपरंपरा अपने चरम पर पहुंच जाती है। महंत पुत्र वाचस्पति तिवारी ने बताया कि 24 फरवरी मंगलवार से चार दिवसीय लोकाचार का शुभारंभ माता गौरा के तेल-हल्दी अनुष्ठान से होगा। प्रतिमा के पूजन के बाद हल्दी की रस्म निभाई जाएगी और गौनहारिनों की टोली पारंपरिक गीतों से इस अनुष्ठान को जीवंत बनाएगी। रंगभरी एकादशी की शोभायात्रा में प्रयुक्त होने वाली शताब्दियों पुरानी पालकी की साफ-सफाई और मरम्मत का जिम्मा काशी के काष्ठ कलाकार पप्पू संभाल रहे हैं। वे इस सेवा में अपने परिवार की चौथी पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते हैं। लकड़ी की नक्काशी, धातु की जड़ाई और रजत शिवाला की चमक—हर हिस्से को सावधानी से संवारते हुए पप्पू कहते हैं कि यह केवल काम नहीं, बल्कि सेवा है। उनके हाथों की कारीगरी में काशी की आस्था की झलक दिखती है। रजत शिवाला की चमक को नया आभास देने के साथ-साथ उसकी संरचना को भी मजबूत किया जा रहा है, ताकि यात्रा के दौरान कोई व्यवधान न आए।

### खादी की पोशाक में सजेंगे बाबा, अलौकिक होगा पार्वती का श्रृंगार

गौने के दिन बाबा विश्वनाथ की चल प्रतिमा को परंपरागत खादी से बनी राजसी पोशाक पहनाई जाएगी। यह पोशाक विशेष रूप से तैयार कराई जा रही है, जिसमें काशी की पारंपरिक बुनावट और सादगी का संगम होगा। माता गौरा का श्रृंगार भी विशेष अलंकरणों और वस्त्रों से किया जाएगा। लाल, पीत और हरित रंगों के संयोजन में सजी प्रतिमा लोकआस्था का केंद्र बनेगी। महंत परिवार स्वयं इस श्रृंगार को अंतिम रूप देने में जुटा है।

## पावरलूम कारीगर ने फांसी लगाकर दी जान

● घटना की वजह तलाशने में जुटी पुलिस



**वाराणसी (लोहता)।** थाना क्षेत्र के भट्ठी गांव में गुरुवार की देर रात एक युवक ने मफलर के सहारे फंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। भट्ठी गांव का निवासी योगेंद्र कुमार पटेल, 38 वर्ष, पारिवारिक कलह के कारण गुरुवार की देर रात अपने कमरे में अंदर से दरवाजा बंद करके मफलर के सहारे फंखे से लटक गया। सुबह जब परिवार के सदस्य दरवाजा खटखटाने लगे और कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली, तो उन्होंने रोशनदान से झांककर देखा। वहां योगेंद्र फंखे से लटकता हुआ पाया गया। इसके बाद परिवार के लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दरवाजा तोड़कर शव को नीचे उतारा और आवश्यक कार्रवाई के लिए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष राजबहादुर मौर्य ने बताया कि परिवार के सदस्यों से पूछताछ की जा रही है ताकि आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा सके। मृतक योगेंद्र एक पावर लूम का कारीगर था और उसके दो बच्चे हैं। उसकी पत्नी का नाम सोनी है, जो इस घटना से अत्यंत दुखी है।

## नवाबगंज में चोरों ने उड़ाया नलकूप का केबल, क्षेत्र में जलापूर्ति बाधित



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** भेलूपुर थानान्तर्गत वार्ड दुर्गाकुण्ड मोहल्ला नवाबगंज केशरवानी पार्क स्थित ट्यूबवेल का केबिल समेत अन्य सामग्रियों को बीती रात चोरों ने उड़ा दिया। इससे पूरे क्षेत्र जलापूर्ति बाधित हो गई। पानी नहीं आने के कारण क्षेत्रीय लोग सुबह से परेशान रहे। इस सम्बन्ध में जल विभाग के द्वारा संबंधित थाने में तहरीर दी गयी। पुलिस ट्यूबवेल के केबिल और अन्य सामग्रियों की तलाश में जुटी बतायी जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जलापूर्ति के बाधित होने से उनकी पूरी दिनचर्या लड़खड़ा गयी। लोग प्रातःकाल से ही पानी के लिए इधर-उधर भटक रहे हैं।

## आपसी सौहार्द का प्रतीक बना बाबा रहीम शाह का आस्ताना



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** रमजान के मुबारक महीने की शुरुआत हो चुकी है। इस अवसर पर बाबा रहीम शाह अस्ताने के व्यवस्थापक सलीम पप्पू खान ने रोजे के महत्व और इस दौरान की जाने वाली इबादत के बारे में विस्तार से जानकारी साझा की। रोजेदार तड़के सुबह 5:00 बजे 'सहरी' करते हैं, जिसमें मुख्य रूप से दूध, पावरोटी और अन्य पौष्टिक चीजें शामिल होती हैं। इसके बाद पूरे दिन अन्न और जल का त्याग किया जाता है। शाम को 'मगरिब' की अजान के समय रोजा खोला जाता है। बाबा रहीम शाह का अस्ताना इस पवित्र महीने में सांप्रदायिक सौहार्द और एकता का केंद्र बना हुआ है, जहां हर शाम दर्जनों लोग एक साथ बैठकर इफ्तार करते हैं और देश की तरक्की के लिए दुआएं मांगते हैं।

## 885 कारीगरों को 1602 मशीनें और टूलकिट वितरित



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** सेवापुरी में मंडलीय कार्यालय वाराणसी द्वारा ग्रामोद्योग विकास योजना के अंतर्गत भव्य वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्रामोद्योग विकास योजना के अंतर्गत लगभग 3700 बी-बॉक्स, 2980 विद्युत चालित चाक, 435 फुटवियर मशीन-टूलकिट, 160 अगरबत्ती मशीन, 280 वेस्ट वुड एवं वुडन टॉय टूलकिट, 27 पेपर प्लेट-दोना-पत्तल मशीन सेट तथा 580 सिलाई मशीन वितरित किया गया।

## 83 जोड़ों ने थामा एक-दूसरे का हाथ

● महापौर ने की नवदंपतियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** सिगरा स्थित शहीद उद्यान गुरुवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत आयोजित भव्य समारोह में 83 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। एक ही मंडप के नीचे 80 हिंदू जोड़ों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सात फेरे लिए, वहीं तीन मुस्लिम जोड़ों ने भी निकाह कबूल किया। समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि महापौर अशोक कुमार तिवारी और अपर नगर आयुक्त सविता यादव ने नवविवाहित जोड़ों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। योजना के तहत कन्याओं के खाते में 60 हजार रुपये भेजे गए। वहीं 25 हजार की वैवाहिक उपहार सामग्री प्रदान की गई है। साथ ही 15 हजार रुपये सामूहिक विवाह की व्यवस्थाओं पर खर्च किया गया। इस एक जोड़े पर एक लाख रुपये खर्च का प्राविधान है।

## लाठीचार्ज के विरोध में कांग्रेसियों ने दिया धरना



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** लखनऊ विधानसभा घेराव के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष अजय राय भी चोटिल हुए, के विरोध में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर मैदागिन टाउनहाल स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष जिला/महानगर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में सत्याग्रह धरना आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों ने भाग लेकर मोदी–योगी सरकार के इस कृत्य की कड़ी निंदा की।

## रक्तदान में महिलाओं का प्रेरणादायी उदाहरण

● बरेका में लगा शिविर




**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** बनारस रेल इंजन कारखाना में प्रमुख मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेश कुमार के नेतृत्व में गुरुवार को केंद्रीय चिकित्सालय में एक वृहद् स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के आयोजन में स्वामी हरशंकरानंद ब्लड एंड कंपोनेंट सेंटर, सुंदरपुर का सहयोग भी शामिल रहा। शिविर में महिलाओं ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। उल्लेखनीय है कि सीमा ने 42वीं बार रक्तदान कर प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया। उनके साथ कृष्णा उपाध्याय, उपासना यादव एवं सुमन सिंह ने भी स्वैच्छिक रक्तदान किया। चंद्रमोहन भंडारी ने अपने जन्मदिन के अवसर पर 10वीं बार रक्तदान किया। एल.के. बिस्वल, अमित कुमार राय, विवेक श्रीवास्तव, मनोज कुमार, अमन केसरी, अजय भारती, राजीव तथा बृजेश उपाध्याय ने पूर्व में भी कई बार रक्तदान किया है तथा पुनः रक्तदान कर जनसामान्य के लिए उदाहरण प्रस्तुत किया।




## परिवर्तनकारी पहलों और उपलब्धियों का उत्सव

● एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** 'युवा फॉर माय भारत–युवा डिजिटल साक्षरता/कौशल विकास' थीम पर आधारित सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर के सातवें एवं अंतिम दिन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शशिधर के. एस. (इकाई 011सी) एवं डॉ. सविता देवांगन (इकाई 011डी) के मार्गदर्शन में दो ग्रामों में परिवर्तनकारी पहलों का सफल समापन हुआ, जिसमें दोनों इकाइयों ने परियोजना प्रदर्शनी, स्थिरता योजना एवं हार्दिक सांस्कृतिक समारोहों के माध्यम से पिछले सप्ताह की उपलब्धियों का उत्सव मनाया। मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान गुलशन की उपस्थिति में समापन समारोह आयोजित किया, जिसमें 150 से ज्यादा परिवारों की डिजिटल विलेज डायरेक्टरी, साइबर सुरक्षा एवं सरकारी योजनाओं पर 12 जागरूकता पोस्टर, 'बरकछा की डिजिटल क्रांति' लघु वृत्तचित्र एवं ग्राम वेबसाइट सहित डिजिटल संसाधनों की भव्य प्रदर्शनी लगाई गई, तत्पश्चात प्रमाण पत्र वितरण समारोह में 50 स्वयंसेवकों, 15 युवा चैंपियंस एवं सामुदायिक योगदानकर्ताओं को सम्मानित किया गया। वहीं ग्राम शाहपुर चौसा में इकाई 011डी ने डॉ. सविता देवांगन के नेतृत्व में जीवंत सांस्कृतिक समापन समारोह आयोजित किया गया।

## सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण के लिए टेंडर की प्रक्रिया पूरी

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** केंद्र व राज्य गंगा-वरुणा को प्रदूषण मुक्त करने के लिए कटिबद्ध है। इस क्रम में लोहता में 274.31 करोड़ रुपये की लागत से 60 एमएलडी (मिलियन लीटर पर डे) की क्षमता की सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के निर्माण के लिए टेंडर की प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई है । एसटीपी बनने के साथ वरुणा में गिरने वाले 13 नाले को भी टैप किए जाएंगे । नाले टैप होने से मलजल सीधे वरुणा नदी नहीं जाएगा । वरुणा गंगा की प्रमुख सहायक नदी है । वरुणा आदिकेशव घाट पर आकर गंगा नदी में मिलती है । ऐसे में एसटीपी बनने से गंगा व वरुणा दोनों नदियों को प्रदूषण मुक्त बनाने में कारगर साबित होने की संभावना है।


जनमुख परामर्श मंडल

एस. कुमार
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

संतोष अग्रवाल हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

श्रीनारायण खेमका
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

वी.के.जैन
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

डा. एस.के.पाठक
वरिष्ठ चिकित्सक

डा. नीलम ओहरी
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'

समाचार सम्पादक
सरोज सिन्हा

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।

रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324
9336929544
Email :
janmukh.vns@gmail.com

# सुल्तानपुर समाचार

## वाटर बूथ में गंदगी से नाराज एडीआरएम ने लगाई फटकार



**सुल्तानपुर।** लखनऊ रेल मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक शूरवीर सिंह बृहस्पतिवार को सुल्तानपुर रेलवे स्टेशन पर पहुंचे। उन्होंने स्टेशन परिसर में यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान प्लेटफॉर्म चार पर लगे वाटर बूथ में जमा गंदगी पर उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए सीएचआई (मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक) रोहित प्रभाकर को फटकार भी लगाई। एडीआरएम ने कहा कि गर्मी के पहले स्टेशन के सभी प्लेटफॉर्म पर जलापूर्ति की व्यवस्था दुरुस्त रहनी चाहिए। यात्री सुविधाओं में स्थानीय स्तर पर यदि खामी पाई गई तो कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्टेशन परिसर की सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया। इसके बाद वह अपनी टीम के साथ रेलवे अस्पताल गए। वहां पर भी उन्होंने चिकित्सा व्यवस्था के बारे में स्थानीय स्टाफ से जानकारी ली। प्रभारी स्टेशन अधीक्षक वीके गुप्ता से एडीआरएम ने परिचालन व्यवस्था के बारे में पूछताछ की। इस दौरान उनके साथ लखनऊ रेल मंडल के सहायक वाणिज्य प्रबंधक विनीत कटियार, सहायक परिचालन प्रबंधक राशिदा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# मीरजापुर समाचार

### आमघाट रेलवे क्रॉसिंग के पास ओवरब्रिज पर आवागमन शुरू

**मीरजापुर।** आमघाट रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज का काम पूरा होने के बाद बृहस्पतिवार को उसे जनता के लिए खोल दिया गया। इससे चुनार से वाराणसी आने-जाने वालों को सुविधा होगी। मिर्जापुर-चुनार मार्ग पर पड़ने वाले आमघाट रेलवे क्रॉसिंग अक्सर बंद रहने से लोग जाम लगता था। अप्रैल 2024 में ही बजट मिलने के बाद 62.45 करोड़ रुपये की लागत से ओवरब्रिज का निर्माण शुरू हो गया था। पुल की लंबाई 900 मीटर और चौड़ाई 7.50 मीटर है। आरओबी का निर्माण रेलवे और सेतु निगम की ओर से कराया गया है। क्षेत्र के लोगों को अब 10 से 12 किमी घूम कर शहर नहीं आना पड़ेगा। सेतु निगम के परियोजना प्रबंधक रोहित मिश्रा ने बताया कि ओवरब्रिज को जनता के लिए खोल दिया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह, अपना दल एस के जिलाध्यक्ष रामलौटन मौजूद रहे।

# मऊ समाचार

## बाइक पेड़ से टकराई, एक घंटे तक मदद न मिलने पर घायल पहलवान की मौत



**मऊ।** मधुबन थाना क्षेत्र के सिपाह गांव के पास बुधवार की रात दस बजे एक बाइक बेकाबू होकर सड़क किनारे लगे पेड़ से टकरा गई। हादसे में बाइक चला रहा पहलवान विकास यदुवंशी (20) और सवार घायल हो गए। करीब एक घंटे तक कोई मदद न मिलने के चलते गंभीर रूप से घायल विकास की मौत हो गई। इसबीच गुजर रहे किसी वाहन चालक ने इसकी सूचना पुलिस को दी, मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया। वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाकर मामले की जांच में जुटी है। मधुबन थाना क्षेत्र के भैसहा सिकड़ीकोल निवासी विकास पुत्र रामजतन यदुवंशी पहलवानी करता था। बुधवार की देर शाम अपने दोस्त आलोक यादव (18) के साथ तिलक समारोह में गया हुआ था।

कार्यक्रम से वापस लौटते समय सिपाह गांव के पास बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। अंधेरा होने के कारण तत्काल इस हादसे का पता किसी को एक घंटा तक नहीं चल पाया। उस मार्ग से गुजर रहे किसी राहगीर ने इस घटना की सूचना 112 नंबर की पुलिस को दी।

# भदोही समाचार

### राज्य कर्मचारी परिषद के जिलाध्यक्ष बने राम शिरोमणि

**सुरियावां।** बीडीओ बृजेश नारायण त्रिपाठी की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को ब्लॉक कार्यालय में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की बैठक हुई। इसमें परिषद के पदाधिकारियों का मनोनयन हुआ। इसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर राम शिरोमणि, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गुलाबचंद सरोज, उपाध्यक्ष आरती यादव, मंत्री विजय सोनी और संयुक्त मंत्री विनोद गुप्ता को बनाया गया। इसी तरह संगठन मंत्री शेषनाथ पाटिल व राहुल मौर्या, कोषाध्यक्ष आयुष बिंद, ऑडिटर के रूप में वंदना वर्मा को मनोनीत किया गया।

संरक्षक मोहम्मद मतीन अंसारी व संरक्षक गोपाल मिश्रा ने सभी को दायित्वों के निर्वहन की अपील की। समस्त पदाधिकारी को निर्वाचन अधिकारी धर्मराज यादव ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

# जौनपुर समाचार

## मस्जिदों में रोजेदारों ने इफ्तार कर खोला रोजा



**जौनपुर।** जिले में बृहस्पतिवार को पवित्र माह रमजान के पहले दिन मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में सुबह से ही चहल-पहल रही। सूर्योदय से पहले ही लोगों ने अपने-अपने घरों में सहरी करने के बाद रोजा रखने की नीयत की और अजान के बाद फज्र की नमाज अदा की गई। मौसम खुशगवार होने से रोजेदारों का पहला दिन काफी अच्छा रहा तो वहीं रमजान के पहले दिन बृहस्पतिवार होने के कारण नगर की मस्जिदों में नमाज अदा करने वालों की भीड़ देखने को मिली। लोगों ने नमाज़ के बादमुल्क में अमन, शांति एवं खुशहाली के लिए दुआएं मांगी। मगरिब से पहले मस्जिदों में रोज़ा इफ्तार का इंतज़ाम करते हुए लोग दिखाई दिए और अज़ान की आवाज़ सुनते ही लोगों ने पहला रोजा खोला और नमाज अदाकर अल्लाह से दुआएं मांगी। माह-ए-रमजान में बड़ों के साथ-साथ छोटे-छोटे बच्चे भी रोजा रखने में पीछे नहीं हट रहे हैं। नन्हे रोजेदारों ने भूखे प्यासे रहकर पहला रोजा मुकम्मल किया। कुरआन-ए-पाक की तिलावत की। ईशा की नमाज के बाद मस्जिदों में तरावीह पढ़ने वालों की भीड़ जुटने लगी। खासतौर पर शाही अटाला मस्जिद, शाही बड़ी मस्जिद, लाल मस्जिद, आया मस्जिद, शेरवाली मस्जिद में हजारों की संख्या में लोग तरावीह पढ़ते हुए नज़र आए।

# देवरिया समाचार

### आवेदन तिथि 25 फरवरी तक बढ़ी

**देवरिया।** जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधीर पांडेय ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से संचालित अटल वयो अभ्युदय योजना की उप-योजना वरिष्ठ नागरिकों के लिए राज्य कार्ययोजना के जनपद स्तर पर संचालन के लिए दिशा-निर्देश प्राप्त हुए हैं। यह योजना का क्रियान्वयन समाज कल्याण विभाग के माध्यम से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ जागरूकता एवं सामुदायिक जुड़ाव से संबंधित गतिविधियां संचालित की जाएंगी। चिकित्सा सेवाओं के तहत 50 पात्र वरिष्ठ नागरिकों की निःशुल्क मोतियाबिंद सर्जरी कराई जाएगी। इसके अतिरिक्त वृद्धावस्था जनित रोगों की जांच, विशेष रूप से डिमेंशिया स्क्रीनिंग, गैर-संचारी रोगों की जांच तथा निःशुल्क दवा वितरण किया जाएगा।

# सोनभद्र समाचार

## सोनभद्र में तेज रफ्तार वाहन की टक्कर, होमगार्ड की मौत



**सोनभद्र।** वाराणसी-शक्तिनगर राज्यमार्ग पर एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। सड़क दुर्घटना में एक होमगार्ड की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए उसे पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल की मर्चरी में रखवा दिया।

जानकारी के अनुसार रायपुर थाना क्षेत्र के गोटीबांध गांव निवासी रामसूरत यादव (55) पुत्र रामधनी यादव होमगार्ड के पद पर तैनात थे। उनकी ड्यूटी जिला अस्पताल में स्थित पुलिस चौकी लोढ़ी पर रात में थी। आशंका है कि आज भोर में वो सड़क पार कर रहे थे, तभी तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। लोढी चौकी के पास चाय की दुकान चलाने वाले हरेंद्र प्रसाद ने पुलिस को इसकी सुचना दी बताया कि उनकी दुकान के सामने एक व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा है।मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान होमगार्ड के रूप मे करते हुए इसकी सूचना परिजनो और होमगार्ड के कमांडेंट को दिया और शव को मर्चरी में रखवा दिया।

पुलिस के अनुसार, रामसूरत यादव की मृत्यु किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से हुई है। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालकर अज्ञात वाहन की पहचान कराई जा रही है।

### होलिका दहन में और 10 बीघा पुआल में आग

**सोनभद्र।** रॉबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के गेंगुआर गांव में होलिका दहन के लिए एकत्रित लकड़ियों और एक किसान के लगभग 10 बीघा धान के पुआल में आग लगा दी गई। ग्रामीणों ने स्कूटी सवार अज्ञात व्यक्तियों पर आग लगाने का आरोप लगाया है। इस घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। यह घटना 19 फरवरी की रात लगभग 10:30 बजे हुई। अराजक तत्वों ने गेन्गुआर ग्राम पंचायत में होलिका दहन के लिए रखी लकड़ियों को आग के हवाले कर दिया। इसके साथ ही, घटनास्थल से करीब 500 मीटर दूर एक किसान के 10 बीघा से अधिक धान के पुआल में भी आग लगा दी गई।

# आजमगढ़ समाचार

### बदलते मौसम और प्रदूषण से दोगुने हुए अस्थमा के मरीज

**बलरामपुर।** जिला अस्पताल आजमगढ़ की ओपीडी में इन दिनों मरीजों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है। फिजिशियन डॉ. आरके कुशवाहा ने बताया कि ओपीडी में रोज 50 से 60 मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। इनमें 18 से 20 मरीज अस्थमा (दमा) से पीड़ित होते हैं। बदलते मौसम और बढ़ते प्रदूषण से सांस संबंधी बीमारी से पीड़ितों की संख्या बढ़ी है। पहले अस्थमा पीड़ित 8 से 10 मरीज ही आते थे। डॉ. आरके कुशवाहा ने बताया कि अस्थमा एक दीर्घकालिक श्वसन रोग है। इसमें सांस की नलियों में सूजन और संकुचन हो जाता है। इससे मरीज को सांस लेने में तकलीफ, लगातार खांसी, सीने में जकड़न और घरघराहट जैसी समस्याएं होती हैं। उन्होंने कहा कि मौसमी बदलाव, धूल-प्रदूषण, ठंडी हवा, धूम्रपान और एलर्जी इसके प्रमुख ट्रिगर हैं।

# गाजीपुर समाचार

## एक साथ जली पौत्र और दादी की चिता



**औड़िहार।** सैदपुर कोतवाली क्षेत्र के उचौरी में चार वर्षीय पौत्र के निधन की सूचना मिलते ही बृहस्पतिवार को दादी ने भी दम तोड़ दिया। दादी व पौत्र की चिता एक साथ जली। यह मंजर देखकर क्षेत्रवासियों में शोक की लहर दौड़ गई।

उचौरी के प्रवेश वर्मा ने बताया कि उनके 4 वर्षीय बेटे हर्ष की तबीयत बिगड़ी और मौत हो गई। पौत्र के मृत्यु की सूचना मिलते ही दादी को दिल का दौरा पड़ गया। कुछ ही देर बाद उनकी भी मौत हो गई। हर्ष की अचानक तबीयत खराब होने से परिवारवालों ने आनन-फानन में उसे अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजन व गांव के लोग शव लेकर अंतिम संस्कार के लिए जौहरगंज श्मशान घाट पहुंचे। तभी घर से सूचना आई कि हर्ष की दादी उमा देवी (56) उमा देवी का भी निधन हो गया है। उमा देवी अपने पौत्र से बेहद स्नेह करती थीं। परिवार का इकलौता लाडला हर्ष होने की वजह से परिवार पूरी तरह से टूट गया।

# चंदौली समाचार

### बाइक की आमने सामने टक्कर, युवक की मौत

**चकिया।** स्थानीय कोतवाली के अंबर डहिया गांव के पास बृहस्पतिवार की देर शाम दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इसमें एक ही परिवार के तीन भाई-बहन गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने भाई को मृत घोषित कर दिया। वहीं दो बहनों को बीएचयू ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। बबुरी थाना के जगदीशपुर गांव निवासी बुल्लू यादव के अजीत यादव (22), पुत्री मोनी यादव (25) और पूनम यादव (26) एक बृहस्पतिवार की शाम एक बाइक पर सवार होकर कहीं जा रहे थे। अंबर डहिया गांव के पास सामने से एक और बाइक आ गई। तेज रफ्तार होने के कारण दोनों बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस घटना में बाइक सवार तीनों भाई बहन जख्मी हो गए।

# गोरखपुर समाचार

## मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराया, 9 की आंखें निकालनी पड़ीं




**गोरखपुर।** 'मेरे ससुर अचानक दर्द से चिल्लाने लगे, उनकी आंखों से खून निकलने लगा। मैं घबरा गई, पूरा परिवार परेशान हो गया। कर्ज लेकर दिल्ली गए। वहां उनकी एक आंख निकालनी पड़ गईं। तब उन्हें दर्द से मुक्ति मिली।' ये कहना है गोरखपुर की महिमा का। उनके 80 साल के ससुर रामदरश ने न्यू राजेश हाईटेक हॉस्पिटल से मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराया था। 24 घंटे के अंदर ही उन्हें बैक्टिरियल इंफेक्शन हो गया। महिमा कहती हैं- आंखों की रोशनी अच्छी कराने गए थे, लेकिन अब कर्जदार हो गए हैं। सिर्फ रामदरश ही नहीं, गोरखपुर के 19 लोगों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के बाद आंखों में बैक्टिरियल इंफेक्शन फैल गया। 9 लोगों की आंखें निकालनी पड़ीं। बाकी 10 की आंखों की रोशनी चली गई। ये सभी मरीज 1 फरवरी को हॉस्पिटल में आयुष्मान योजना के तहत लगे फ्री कैंप में पहुंचे थे। कुल 30 ऑपरेशन हुए, 19 लोगों की आंखों में इंफेक्शन हो गया। लखनऊ तक मामला पहुंचने के बाद डीएम गोरखपुर दीपक मीणा ने ADM को जांच सौंपी है। 24 घंटे के अंदर रिपोर्ट देने को कहा है। हॉस्पिटल की ध्ऊ को सील कर दिया गया है। हालांकि प्राथमिक जांच में चौंकाने वाले फैक्ट सामने आए। डीएम ने बताया- जिस OT में ऑपरेशन हुआ, वहां पर बैक्टिरियल इंफेक्शन मिला है। जिन उपकरणों का इस्तेमाल हुआ, उन पर भी इंफेक्शन मिला है। अब हॉस्पिटल का रजिस्ट्रेशन कैंसिल किया जाएगा। इन परिवारों को कैसी दिक्कतों का सामना करना पड़ा? बारीगांव की 60 साल की देवराजी देवी की बायीं आंख का ऑपरेशन सिकरीगंज के न्यू राजेश हाईटेक हॉस्पिटल में हुआ। उनकी बहू संजीता ने बताया- ऑपरेशन के बाद हम सास को घर ले आए। दिन में सब कुछ ठीक रहा, लेकिन रात में उन्हें उल्टी होने लगीं। शरीर में दर्द भी होने लगा। किसी तरह से रात कटी। फिर अगले दिन उन्हें लेकर हॉस्पिटल गए। वहां डॉक्टर ने कुछ देर उनका इलाज किया। हालत बिगड़ती देख डॉक्टरों ने गोरखपुर के शंकर आई केयर रेफर कर दिया। उस हॉस्पिटल से भी राज आई केयर में भेजा गया।

# प्रयागराज समाचार

## पीडीए कॉलोनी के सी ब्लॉक में पंखे से लटकता मिला शव



**प्रयागराज।** नैनी पीडीए कॉलोनी स्थित सी ब्लॉक में गुरुवार को 15 वर्षीय किशोरी ने पंखे में दुपट्टे का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। इसकी सूचना घरवालों ने नैनी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जांच कई पहलुओं पर की जा रही है। पुलिस को मौके पर कोई सुसाइड नोट या मोबाइल नहीं मिला। जानकारी के अनुसार, नैनी सी ब्लॉक के ईसी 107 में रहने वाली सुमन देवी अपने मायके में दो बेटे और एक बेटी के साथ रहती थीं। उनकी बेटी अंशिका गौड़ (15) अपने भाइयों सुमित और आर्यन के साथ रहती थी। गुरुवार को अंशिका खाना खाने के बाद अपने कमरे में चली गई, लेकिन काफी देर तक बाहर नहीं आई। उसके भाई ने आवाज लगाई, फिर भी कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। कमरे की पास की खिड़की से झांकने पर देखा गया कि अंशिका का शव दुपट्टे के सहारे पंखे से लटक रहा था। भाइयों की चिल्लाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर अंशिका को फंदे से नीचे उतारा। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पीडीए चौकी इंचार्ज अमित कुमार द्विवेदी ने बताया कि जांच जारी है। प्रारंभिक जांच में किशोरी के मानसिक तनाव में रहने की बात सामने आई है।

# बलिया समाचार

## किन्नर की हत्या करके शव बोरी में भर बक्से में छिपाया, खुद भी लगाया फंदा



**बैरिया।** रानीगंज बाजार स्थित घर में रेखा किन्नर (60) की हत्या करने के बाद डेयरी संचालक रवि गुप्ता (28) ने फंदा लगाकर खुद भी जान दे दी। किन्नर दो दिन से लापता थी। उसका शव घर की तीसरी मंजिल पर बक्से में प्लास्टिक की बोरी में मिला। किन्नर के शरीर से अधिकतर आभूषण गायब थे। सूचना पर एएसपी दक्षिणी कृपाशंकर, सीओ फहीम कुरैशी ने मामले की जांच की। बैरिया पुलिस ने हत्या व शव छिपाने के मामले में प्राथमिकी दर्ज कर रवि के पिता विजय गुप्ता, पत्नी मोना कुमारी व रीता देवी को गिरफ्तार कर लिया। किन्नरों का कहना है कि रेखा ने रवि को पांच लाख रुपये उधार दिए थे। उसी के विवाद में यह वारदात हुई है। थाना प्रभारी आरपी सिंह के अनुसार, रानीगंज बाजार निवासी रवि गुप्ता बाजार में डेयरी चलाता था। एक वर्ष पहले उसकी मोना गुप्ता से शादी हुई थी। बुधवार की शाम रवि दुकान से घर आया और चौथे मंजिल पर स्थित कमरे में सोने चला गया। सुबह दरवाजा न खुलने पर परिजनों ने आसपास के लोगों को बुलाकर दरवाजा तोड़ा तो कमरे के अंदर पंखे के हुक से रवि का शव लटका मिला। रवि के पिता की सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू की। एक दिन पहले रवि के घर के सामने आभूषण दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में रेखा किन्नर, रवि के घर में जाते दिखी थी, लेकिन बाहर निकलते नहीं दिखी थी। शक होने पर पुलिस ने रवि से पूछताछ की तो उसने गोलमोल जवाब दिया था। रवि की आत्महत्या की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घर से आ रही दुर्गंध पर परिजनों से कड़ाई से पूछताछ की। खोजबीन के दौरान तीसरी मंजिल पर टिन शेड में रखे बक्से में प्लास्टिक की बोरी से रेखा किन्नर का शव मिला। उसके सिर पर चोट के निशान थे। थाना प्रभारी आरपी सिंह ने बताया कि सना किन्नर की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर बृहस्पतिवार की शाम रवि गुप्ता के पिता विजय गुप्ता, पत्नी मोना कुमारी व रीता देवी निवासी देवकी छपरा को घर से गिरफ्तार कर लिया गया है। उधर, सुरक्षा के मद्देनजर दोकटी, रेवती, दुबहड़, हल्दी थानों की फोर्स रानीगंज बाजार से लेकर पोस्टमार्टम हाउस तक मुस्तैद रही।

# लाइफ मंत्र

## 4 शुभ योगों में रखा जाएगा आमलकी एकादशी व्रत, करना न भूलें ये उपाय

हिंदू धर्म में एकादशी व्रत का विशेष महत्व है लेकिन फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी, जिसे आमलकी एकादशी या रंगभरी एकादशी कहा जाता है, अपना एक विशिष्ट स्थान रखती है। वर्ष 2026 में यह एकादशी बेहद खास होने वाली है क्योंकि इस दिन 4 अत्यंत शुभ योगों का दुर्लभ संयोग बन रहा है।

माना जाता है कि आमलकी एकादशी के दिन भगवान विष्णु के साथ-साथ आंवले के वृक्ष की पूजा करने से व्यक्ति को मोक्ष की प्राप्ति होती है और जीवन के सभी कष्टों का निवारण होता है। आइए जानते हैं वर्ष 2026 में आमलकी एकादशी की सही तिथि, शुभ मुहूर्त और वे उपाय जो आपकी किस्मत बदल सकते हैं।



**आमलकी एकादशी शुभ संयोग**

**आयुष्मान योग :** प्रातःकाल से लेकर शाम 7:44 बजे तक

**सौभाग्य योगः** शाम 7:45 बजे से

**सर्वार्थ सिद्धि योगः** सुबह 10 बजकर 48 बजे से 28 फरवरी को सुबह 06:47 बजे तक

**रवि योगः** सुबह 06 बजकर 48 बजे से सुबह 10 बजकर 48 बजे तक

**आमलकी एकादशी शुभ मुहूर्त**

आंवले के पेड़ की पूजा के लिए शुभ समय- सुबह 06:48 बजे से लेकर दिन में 11:08 बजे तक।

**लाभ-उन्नति मुहूर्त-** सुबह 08:15 बजे से सुबह 09:41 बजे तक

**आर्थिक समृद्धि के लिए**

एकादशी के दिन पीले कपड़े में 5 या 11 ताजे आंवले बांधकर भगवान विष्णु को अर्पित करें। अगले दिन इन आंवलों को प्रसाद के रूप में ग्रहण करें और एक को अपनी तिजोरी में रख दें। इससे घर में कभी धन की कमी नहीं होती।

**करियर और नौकरी की सफलता के लिए**

आंवले के वृक्ष की जड़ में कच्चा दूध और जल अर्पित करें। वृक्ष की 7 बार परिक्रमा करें और अपनी मनोकामना मन ही मन दोहराएं। इससे कार्यक्षेत्र में आ रही बाधाएं दूर होती हैं और पदोन्नति के योग बनते हैं।


**दांपत्य जीवन में मधुरता के लिए**

यदि पति-पत्नी के बीच अनबन रहती है, तो इस दिन भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी का एक साथ अभिषेक करें और उन्हें अबीर-गुलाल अर्पित करें। इसे रंगभरी एकादशी भी कहते हैं इसलिए रंगों का प्रयोग सौभाग्य लाता है।

**स्वास्थ्य लाभ के लिए**

शास्त्रों में आंवले को आरोग्य का कारक माना गया है। एकादशी के दिन आंवले के जल से स्नान करना और जल में थोड़ा सा आंवला डालकर सूर्य को अर्घ्य देना त्वचा रोगों और मानसिक तनाव से मुक्ति दिलाता है।

## Adventure के हैं शौकीन? Maharashtra से Karnataka तक, ये 3 Trekking Peaks हैं परफेक्ट



भारत में ट्रेकिंग के लिए सिर्फ उत्तराखंड और हिमाचल ही नहीं, बल्कि महाराष्ट्र का कलसूबाई पीक, कर्नाटक का नेत्रावती पीक और तमिलनाडु का कुलकुमलाई पीक भी बेहतरीन विकल्प हैं, जो अपने मनमोहक नजारों और रोमांचक ट्रेक के लिए जाने जाते हैं। आजकल घूमने-फिरने का शौक लोगों में बढ़ता ही जा रहा है। ऑफिस की थकान के बाद लोग लंबी ट्रिप पर जरुर जाते हैं। जैसे ही किसी को मौका मिलता है ट्रिप पर निकल जाता है। कोई पहाड़ पर जाना पसंद करता है, तो कोई बीच पर सुकून भरे पल बिताने के लिए जरुर जाता है। कहते हैं घूमने से मन को शांति काफी मिलती है। हमारे यहां भारत में ऐसी कई जगहें हैं, जहां पर नजारा देखने के लिए जीवन में एक बार जरुर जाना चाहिए। जिन लोगों को एडवेंचर पसंद होता है,वो ट्रेकिंग पर जरुर जाते हैं। जब हम बात करते हैं कि भारत की सबसे खूबसूरत चोटियों की, तो लोगों के मन में सिर्फ उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश का ख्याल आता है। यह दोनों राज्य वाकई काफी खूबसूरत है। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसी चोटियों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां आप ट्रेकिंग के लिए जरुर जाएं।

**कलसूबाई पीक, महाराष्ट्र**

महाराष्ट्र में कई खूबसूरत जगहें, जहां पर आपको जरुर जाना चाहिए। नासिक जिले में स्थित कलसूबाई पीक दुनिया के सबसे खूबसूरत पीक में से एक है। यह लगभग 5400 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। इसकी ट्रेकिंग बरी के बेस गांव से शुरु होती है, जहां जाने के लिए लोहे की सीढ़ियां, एडवेंचर ट्रेक करके पहुंचा जा सकता है। जब आप इस जगह के पीक पर पहुंचेंगे तो वहां पर आपको मनमोहक नजारे आपका दिल लूट लेंगे।

**नेत्रावती पीक, कर्नाटक**

यह शिखर कर्नाटक राज्य की सबसे सुंदर चोटियों में से एक माना जाता है। इसकी चोटी तक पहुंचने के लिए लगभग 6 किलोमीटर की ट्रेकिंग करनी पड़ती है। इस सफर के दौरान रास्ते भर आपको पहाड़ों पर फैली हरियाली और मनमोहक दृश्य देखने को मिलते हैं। जब आप शिखर पर पहुंचते हैं, तो चारों ओर फैला अद्भुत और मनोहारी नजारा आपका मन मोह लेता है।

**कुलकुमलाई पीक, तमिलनाडु**

ये पीक दक्षिण भारत यानी के तमिलनाडु में स्थित है। इसकी ट्रेकिंग की शुरुआत इडुक्कि जिले से होती है। यहां का साइनराइज का नजारा देखने लायक होता है। यदि आप सूर्योदय का खूबसूरत नजारा देखना चाहती हैं तो सुबह 3 बजे आपको निकलना पड़ेगा।



## Holi Trip की टेंशन खत्म, IRCTC लाया है शानदार Tour Packages, फ्लाइट-होटल सब शामिल

**बता दें कि रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट पर टूर पैकेज की सुविधा और सभी जानकारी को लाइव कर दिया गया है। ऐसे में अगर आप भी ट्रिप प्लान कर रही हैं, तो आपको इस रेलवे के इन टूर पैकेज पर एक नजर जरूर डालनी चाहिए।**

बहुत सारे लोग होली पर घूमने जाने वाले लोग ट्रिप की प्लानिंग अभी से करने लगे हैं। कुछ लोग परिवार के साथ या फिर कुछ दोस्तों के साथ ट्रिप प्लान करने की सोच रहे हैं। ऐसे में इन लोगों को बहुत सोच-समझकर ट्रिप प्लान करना होगा। क्योंकि होटल से लेकर घूमने के लिए गाड़ी और ट्रेन टिकट की बुकिंग एडवांस करना होगा। यात्रा प्लान करने के दौरान कई बातों का ध्यान रखना पड़ता है। लेकिन अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। क्योंकि रेलवे ने आपके लिए होली के लिए पैकेज टूर का प्लान बना लिया है।

बता दें कि रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट पर टूर पैकेज की सुविधा और सभी जानकारी को लाइव कर दिया गया है। ऐसे में अगर आप भी ट्रिप प्लान कर रही हैं, तो आपको इस रेलवे के इन टूर पैकेज पर एक नजर जरूर डालनी चाहिए।

**राजस्थान में मनाएं होली**

इस टूर पैकेज की शुरूआत बेंगलुरू से हो रही है।

इस टूर पैकेज में आपको अजमेर, जयपुर, बीकानेर, जैसलमेर, जोधपुर और पुष्कर घुमाया जाएगा। यह टूर पैकेज 6 रात और 7 दिनों का है।

यह टूर पैकेज की शुरूआत 03 मार्च से हो रही है।

इसमें आपको फ्लाइट से यात्रा कराई जाएगी और घूमने के लिए कैब की सुविधा मिलेगी।

इस टूर पैकेज का नाम 'ROYAL RAJASTHAN WOMENS DAY SPECIAL EX BENGALURU' है।

अकेले यात्रा करने पर आपको पैकेज फीस 53,900 रुपए देना होगा।

वहीं दो लोगों के साथ यात्रा करने पर प्रति व्यक्ति 40,500 रुपए देना होगा।

अगर आप 3 लोगों के साथ यात्रा करते हैं, तो प्रति व्यक्ति 38,500 रुपए देना होगा।

बच्चों के लिए 34,500 रुपए टूर पैकेज है।

**कन्याकुमारी टूर पैकेज**

कन्याकुमारी टूर पैकेज की शुरूआत हैदराबाद से हो रही है।

इस टूर पैकेज में आपको कन्याकुमारी, रामेश्वरम, मदुरै, त्रिची और त्रिवेंद्रम घुमाया जाएगा।

यह टूर पैकेज 6 रात 7 दिन की है।

इस पैकेज की शुरूआत 02 मार्च से हो रही है।

इस टूर पैकेज में आपको फ्लाइट से यात्रा कराई जाएगी और घूमने के लिए कैब की सुविधा मिलेगी।

इस टूर पैकेज का नाम 'SOUTH INDIA TEMPLE RUN' है।

इस दौरान अकेले यात्रा करने पर 47,000 रुपए है।

वहीं 2 लोगों के साथ यात्रा करने पर प्रति व्यक्ति 35,900 रुपए देना होगा।

3 लोगों के साथ यात्रा करने पर प्रति व्यक्ति 34,150 रुपए है।

बच्चों के लिए पैकेज फीस 30,300 रुपए है।

**हैवलॉक टूर पैकेज**

इस टूर पैकेज की शुरूआत गुवाहाटी से हो रही है।

इस टूर पैकेज में आपको नील/हैवेलॉक घुमाया जाएगा।

यह टूर पैकेज 5 रात और 6 दिन का है।

इस टूर पैकेज की शुरूआत 03 मार्च से हो रही है।

इस दौरान आपको फ्लाइट से यात्रा कराई जाएगी और घूमने के लिए कैब की सुविधा मिलेगी।

इस टूर पैकेज का नाम 'MAJESTIC ANDAMAN EX-GUWAHATI' है।

अकेले यात्रा करने पर 65,450 रुपए देना होगा।

वहीं 2 लोगों के साथ यात्रा करने पर प्रति व्यक्ति 48,500 रुपए देना होगा।

3 लोगों के साथ यात्रा करने पर प्रति व्यक्ति 46,900 रुपए देना होगा।

बच्चों के लिए 39,700 रुपए पैकेज फीस है।

आप भारतीय रेल की ऑफिशियल वेबसाइट से टिकट बुक कर सकते हैं।

## Delhi में Kashmir का एहसास, Kashmiri Gate पर ₹100 में करें Dal Lake जैसी Boating



अगर हम आपसे कहें कि आप डल लेक जैसा मजा दिल्ली में भी ले सकती हैं। दिल्ली में एक ऐसी जगह है, जहां पर पहुंचते ही माहौल एकदम बदल जाता है। बता दें कि यमुना नदी के किनारे, कश्मीरी गेट का पास मौजूद यह घाट लोगों को काफी पसंद आ रहा है।

घूमने का शौक तो लगभग हर किसी को होता है। कश्मीर घूमने का सपना हर किसी को होता है। जब भी कोई कश्मीर जाता है, वह डल लेक में बोटिंग जरूर करता है। क्योंकि इसके बिना ट्रिप अधूरी मानी जाती है। पानी की लहरों के बीच बोटिंग करने से मन को सुकून मिलता है। लेकिन अगर हम आपसे कहें कि आप डल लेक जैसा मजा दिल्ली में भी ले सकती हैं। दिल्ली में एक ऐसी जगह है, जहां पर पहुंचते ही माहौल एकदम बदल जाता है। बता दें कि यमुना नदी के किनारे, कश्मीरी गेट का पास मौजूद यह घाट लोगों को काफी पसंद आ रहा है। आप यहां पर सिर्फ 100 रुपए में बोटिंग का मजा ले सकते हैं।

**सुबह-सुबह आएं**

अगर आप दिल्ली में डल लेक जैसा फील लेना चाहती हैं, तो आपको सुबह के समय दिल्ली की इस जगह पर जाना होगा। सनराइज के समय नदी के ऊपर हल्की सी धुंध छाई रहती है। घाट पर उड़ते हुए पक्षियों की चहचहाहट सुनने को मिलती है। आसमान के बदलते रंग आदि देखने में बहुत सुंदर लगते हैं।

**सनराइज जरूर देखें**

एक ओर हल्का नारंग रंग और दूसरी ओर नीला आसमान देखने वाला होता है। यही कारण है कि लोग यहां पर विशेषरूप से सनराइज देखने के लिए आते हैं और फोटो क्लिक करवाने के लिए आते हैं। सर्दियों में यहां का नजारा और भी खूबसूरत लगता है।

**ऐसे यहां पहुंचे**

यमुना घाट पहुंचने के लिए सबसे पहले कश्मीरी गेट मेट्रो स्टेशन पहुंचना होगा। इस स्टेशन से घाट की दूरी अधिक नहीं है।

ऑटो से जाने पर करीब 60 से 80 रुपए लगते हैं।

ई-रिक्शा से जाने पर 10 से 20 रुपए प्रति व्यक्ति लगता है। आप चाहें तो यहां तक पैदल भी आ सकती हैं।

**सही घाट पहचानें**

दिल्ली में यमुना नदी के किनारे कई घाट हैं। लेकिन हर घाट पर बोटिंग नहीं कर सकते हैं। जिस घाट पर बोटिंग होती है, वहां का नजारा काफी खूबसूरत है। वह धर्म संघ गौ सेवा सदम के पास वाला घाट है। सुबह के समय यहां आना अच्छा रहेगा। लेकिन पहली बार जाने से पहले यहां के लोकल लोगों से जानकारी जरूर लें।

**बोटिंग का मजा**

बता दें कि यहां पर बोटिंग का अपना ही मजा होता है। वीकेंड पर यमुना घाट पर बोटिंग का किराया करीब 100 रुपए प्रति व्यक्ति है। पहले यह कम था, लेकिन अब किराया यही चल रहा है। वीक डेज में कभी-कभी किराया थोड़ा कम हो जाता है। आप नाव में बैठकर नदी की ठंडी हवा और आसपास का सुकून देने वाला नजारा देख सकते हैं।

**सभी की पसंदीदा जगह**

यहां पर बड़ी संख्या में लोग पक्षियों को दाना डालते हैं। वहीं फोटोग्राफी के शौकीन लोगों को यह जगह काफी पसंद आती है। आपको यहां पर काफी अच्छे-अच्छे शॉट मिल जाएंगे। अक्सर कुछ लोग यहां पर गाना गाने हैं, गिटार बजाते हैं और दोस्तों के साथ समय बिताते नजर आते हैं।


होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762




बच्चों के डॉक्टर

मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ

गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
निःसंतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक
रविवार 9 से 1 बजे तक
पता: टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ

काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह
M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai
Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ

समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाश्य में छाला, अन्दरूनी रक्तस्त्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पूरी
MBBS, MD (IMS-BHU)
DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ

ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी (नियर पासपोर्ट ऑफिस)
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464

मानसिक रोग विशेषज्ञ

तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ

डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170

कार्ड एवं स्टेशनरी

शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साईं मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप

Designer Salwar Suit Lancha Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप

NEW GENERATION
Exclusive Wear House
KIDS MENS TEENAGERS
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप

DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ

पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
कुंडली विशेषज्ञ, हस्तरेखा, फेस रीडिंग, कुंडली मिलान
रत्न रुद्राक्ष थेरेपिस्ट, वास्तु एवं फेंगशुई विशेषज्ञ
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch 9324652370
Bandra Branch 8108888280
HEAD OFF. : SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682